दिन–शुक्रवार दिनांक– 11 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम सुचारू रूप से जारी है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल शाम छह बजे तक पांच करोड़ बाईस लाख मतदाताओं के गणना फॉर्म एकत्र किए जा चुके हैं। यह संख्या कुल मतदाताओं का छिसाठ दशमलव एक–छह प्रतिशत है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित कार्यक्रम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभुकों के बीच एक हजार दो सौ सत्ताईस करोड़ रूपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। एक करोड़ ग्यारह लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में इस बार चार सौ रूपये की जगह ग्यारह सौ रूपये की राशि भेजी गयी है। पिछले दिनों कैबिनेट ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि चार सौ रूपये से बढ़ाकर ग्यारह सौ रूपये करने का फैसला किया था। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रोजगार मेले के तहत वीडियो कांफ्रेंस के जरिये इक्यावन हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। वे इस अवसर पर नियुक्त युवाओं को संबंधित भी करेंगे। सोलहवां रोजगार मेला देशभर में सैंतालीस स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। देशभर में रोजगार मेला के माध्यम से अब तक दस लाख से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किये जा चुके हैं।

———————————————————————

राजधानी पटना के ज्ञान भवन में आज से दो दिवसीय राज्यस्तरीय स्वास्थ्य मेले–आरोग्य पर्व की शुरूआत हुई। मेले का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,

विजय कुमार सिन्हा और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। इस मेले में एलोपैथ, आयुर्वेद, होम्योपैथ, यूनानी और योग जैसी सभी प्रमुख चिकित्सा पद्धतियों के अलग–अलग काउंटर बनाये गये हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में पचास ओपीडी काउंटर बनाए गए हैं। निःशुल्क दवा वितरण के लिए भी काउंटर उपलब्ध है। छात्राओं के लिए एचपीवी टीकाकरण की सुविधा भी मेले में उपलब्ध है। इसके अलावा लोग स्वास्थ्य मेले में आयुष्मान कार्ड, वय वंदना कार्ड और आभा आईडी भी बनवा सकते हैं।

———————————————————————

सावन का पवित्र महीना आज से शुरू हो गया है। इस बार सावन महीने में चार सोमवार पड़ेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि पवित्र महीने की शुरूआत होने के साथ ही पूरा वातावरण शिवमय हो गया है। मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ, सोनपुर के हरिहर नाथ, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर, पटना के बैकटपुर धाम, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, लखीसराय के अशोकधाम, मधेपुरा के सिंघेश्वर स्थान और सुपौल के तिलहेश्वर स्थान समेत प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

———————————————————————

राज्य में मानसून पूरी तरह कमजोर पड़ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज कैमूर और रोहतास जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं, राज्य के पश्चिमी और दक्षिण–मध्य भागों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश की संभावना है। विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।